दैनिक
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
# नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, गुरूवार 3 दिसंबर 2020, कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-289 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

## आज बेबाक

अमेरिका की तरह कनाडा के हुक्मरानों को भी दूसरे के फटे में अपनी टांग अड़ाने की बीमारी है। भारत के नए कृषि विधेयकों के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार उनसे बातचीत कर रही है। यह भारत का आंतरिक मामला है लेकिन कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने इसमें दखलअंदाजी का दुःसाहस करते हुए भारत को नसीहत दे डाली है। भारत अपनी समस्याओं को सुलझाने में सक्षम है। इसके लिए उसे किसी टूडो फ्रूडो की नसीहत की कोई जरूरत नहीं है। वो खामखां मान न मान मैं तेरा मेहमान बनने की कोशिश न करें।

# पहले संगठन फिर निगम-मंडल की सूची पर लगेगी मुहर

■ दिल्ली जाने से पूर्व सीएम भूपेश का बयान

■ कृषि कानून, किसान आंदोलन पर टिप्पणी

**नवप्रदेश संवादाता**

**रायपुर।** पूरे तीन दिनों तक दिल्ली से लेकर छत्तीसगढ़ में व्यस्तता भरे कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मसरूफ रहेंगे। मंगलवार को दुर्ग में लोकार्पण कार्यक्रम के बाद देर शाम दिल्ली रवानगी से पूर्व सीएम श्री बघेल ने स्पष्ट कर दिया कि पहले प्रदेश में संगठन को और मजबूत बनाने के लिए नियुक्तियां होंगी। इसके लिए अंतिम बैठक में आम सहमति होने का भी खुलासा किया। निगम-मंडल के बकाया पदों के लिए होने वाली नियुक्तियों पर सीएम का कहना है नामों पर सहमति बनने के बाद भी अंतिम मुहर दिल्ली से ही लगेगी। रात 9 बजे दिल्ली के लिए रवानगी के दौरान सीएम ने कहा कि वे रात्रि विश्राम दिल्ली में करेंगे और फिर वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। सत्ता और संगठन में नियुक्तियों की जानकारी देंगे। सीएम ने केंद्र के कृषि कानून और किसान आंदोलन समेत कोरोना जांच के संबंध में भी खुलकर कहा। मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक पर कहा सहमति और चर्चा करना जरुरी है। इसलिए विस्तार से संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। बहुत जल्द ही निगम मंडल के लिए ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### कृषि कानून पर कहा-केंद्र को झुकना ही होगा

केंद्र के कृषि कानून पर किसानों की नाराजगी को जायज ठहराते हुए सीएम श्री बघेल ने कानून किसानों के लिए नहीं बल्कि पूंजीपतियों के लिए बनाया गया है। इस कानून की मांग या जरुरत न तो किसी सियासी दलों और ना ही किसान संगठनों ने दर्शाई थी। ऐसे में बिना किसी आवश्यकता के पीछे के दरवाजे से यह कानून केंद्र में पास करवाया गया है। यही वजह है कि कृषि कानून को थोपे जाने से किसान नाराज हैं। इसलिए आमजनों और किसानों ने सड़क में उतरने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के किसानों के बाद यह अब पूरे देश में प्रभाव डालने लगा है। केंद्र सरकार को आखिरकार किसानों के आगे झुकना होगा। छत्तीसगढ़ सरकार किसान हितों का विशेष ख्याल रख रही है। फिर वह चाहे समर्थन मूल्य हो या फिर न्याया योजना के तहत सरकार ने साबित किया है।

### कोरोना पर बोले- कोशिश यही कि आंकड़े कम और जांच हो ज्यादा

*कोरोना संक्रमण को लेकर छत्तीसगढ़ शासन की कोशिश है कि जांच ज्यादा से ज्यादा हो। आंकड़े कम हो और जांच ज्यादा हो इसके लिए प्रयास हो रहे हैं। सीएम ने कहा जांच जितनी ज्यादा होगी, मौत के आंकड़े उतने कम होंगे। अपील की है कि जरा सा भी लक्षण दिखे तो लोग कोरोना जांच करवाएं। जांच ही एकमात्र उपाय है क्योंकि जांच के अभाव और चूक के कारण मौतों का आंकड़ा बढ़ता है। सीएम ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति गाइड लाइन का पालन करे और इसके खत्म होते तक सावधानी बरते तो वे भी सुरक्षित रहेंगे और समाज भी स्वस्थ्य रहेगा।*

### सुदूरवर्ती क्षेत्रों के होनहार छात्रों के लिए दाऊ ने दिया बड़े दिल का परिचय

# नेटवर्क ने अटकाया छात्रों का एडमिशन, अब सरकार दिलाएगी दाखिला, खर्च भी उठाएगी

■ सुदूर अंचल के छात्रों का निजी मेडिकल कॉलेजों में सरकार कराएगी प्रवेश

■ नीट क्वालिफाई ऐसे बच्चों को मिली राहत जो नेटवर्क प्राब्लम के चलते नहीं करा सके काउंसिलिंग

**नवप्रदेश संवाददाता**

**रायपुर।** नीट क्वालिफाई कर चुक प्रदेश के सुदूरवर्ती इलाकों के विद्यार्थियों का भविष्य अब प्रदेश सरकार संवारेगी। सरकार ऐसे विद्यार्थियों का एडमिशन निजी मेडकल कॉलेजों में कराएगी, वो भी अपने खर्च पर।

इस दिशा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक और संवेदनशील पहल की है। प्रदेश के सुदूर अंचल जहां नेटवर्क और अन्य तकनीकी कारणों से नीट क्वालिफाई होनहार छात्र-छात्राएं जो काउंसलिंग के लिए निर्धारित समय पर अपना पंजीयन नही करा सके थे उन्हें अब प्रदेश के निजी कॉलेजों में पेमेंट सीट पर प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए है। इन होनहार बच्चों का भविष्य अब सरकार संवारेगी।

### अलग राज्य बनाने पर पहली बार ऐसा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद यह पहली बार है कि एमबीबीएस के लिए निजी कॉलेजों के पेमेंट सीट में बच्चों को राज्य सरकार के खर्च पर दाखिला दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा है कि किसी भी बच्चे के भविष्य के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश के दूरस्थ आदिवासी अंचलों के ऐसे सभी होनहार बच्चों के एमबीबीएस में दाखिला के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

#### राज्य में नहीं कराया जा सका पंजीयन

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संज्ञान में जैसे ही यह बात आयी कि दंतेवाड़ा जिले के 27 होनहार छात्र-छात्राएं जिन्होंने नीट क्वालिफाई किया है परन्तु नेटवर्क प्राब्लम के चलते प्रथम काउंसलिंग में उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका, उन्होंने तुरंत पहल की। जिला प्रशासन ■ शेष पृष्ठ 7 पर

#### दो छात्राओं के एडमिशन की प्रकिया जारी

प्रथम काउंसलिंग के पश्चात इसमें दो छात्रा कुमारी पदमा मडे और पीयूषा बेक एमबीबीएस में प्रवेश की पात्रता रखती हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद कलेक्टर दंतेवाड़ा द्वारा इन छात्राओं का प्रदेश के निजी कॉलेजों में दाखिला की कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आगे भी यदि ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## सीएम भूपेश ने पीएम मोदी से मांगी कोरोना की काट

**रायपुर/ नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य को निःशुल्क और प्राथमिकता के आधार पर टीका आबंटित करने का अनुरोध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है, इसलिए इसे प्राथमिकता से पहले चरण में शामिल करते हुए कोविड-19 का निःशुल्क टीका उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति अविरल सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया है।

**पत्र लिखकर किया राज्य को प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क कोविड-19 का टीका उपलब्ध कराने का अनुरोध**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि कोविड-19 महामारी से देश के भीतर लोगों में तनाव और भय की एक अभूतपूर्व स्थिति निर्मित हुई है। देश के प्रत्येक व्यक्ति की शांति और उनका अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित करना हमारा सर्वोच्च कर्तव्य है। जैसा कि हम सभी जानते हैं, कोरोना वायरस ■ शेष पृष्ठ 7 पर

#### कोरोना योद्धाओं को भी शामिल करने की योजना

*मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में यह भी बताया है कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है, इसलिए प्राथमिकता से पहले चरण में ही छत्तीसगढ़ को शामिल करते हुए कोविड-19 टीकाकरण निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए। कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पूरी तरह से तैयार है। इस टीकाकरण हेतु राज्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अलावा पुलिस बल, राजस्व विभाग, शहरी विकास विभाग, ग्रामीण पंचायत विभाग के फ्रंट लाईन वर्कर्स और मीडिया कर्मियों जैसे कोरोना योद्धाओं को भी शामिल करने की योजना है।*

सरकार से किसानों की सीधी बात

## कृषि कानूनों को रद्द करने बुलाएं संसद का विशेष सत्र

**नई दिल्ली/ए.।** केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे बड़ी संख्या में पंजाब, हरियाणा के किसानों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। किसानों ने कहा है कि सरकार नए कानूनों को रद्द करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए। किसान नेताओं का कहना है कि अगर कृषि कानूनों से जुड़ी उनकी समस्याओं का हल नहीं होता है तो फिर वे और कदम उठाएंगे।

#### ...तो दिल्ली की और सड़कों को करेंगे ब्लॉक

प्रदर्शन कर रहे किसानों के नेताओं ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस नहीं लेगी तो हम दिल्ली की और सड़कों को ब्लॉक करेंगे। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा, 'अगर सरकार हमारी मांगें नहीं मानेगी तो हम और कदम उठाएंगे।''

#### चिंताओं को दूर करने को तैयार: तोमर

*वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बुधवार को एक बार फिर से कहा है कि केंद्र सरकार किसानों की चिंताओं को दूर करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कृषि कानूनों को किसानों के हितों में बताते हुए कहा कि इन्हें लंबे इंतजार के बाद लागू किया गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, 'मैं किसानों से अपील करता हूं कि कानून उनके हित में हैं और सभी सुधारों को लंबे वक्त के बाद लागू किया गया है। लेकिन, यदि उन्हें कुछ भी समस्या है, तो फिर सरकार उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए तैयार है।'*

वहीं, किसान नेता दर्शन पाल ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा, 'केंद्र को नए कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए संसद का विशेष सत्र आहूत करना चाहिए।'

## खास- खबर

### सड़क हादसे में सात की मौत, चार घायल

**रंगा रेड्डी/(वार्ता)।** तेलगांना में बुधवार को सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हो गये। यह हादसा तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिला में चेवेल्ला मंडल के मल्कापुर गेट में हैदराबाद-बीजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ।

### ड्रग्स केस: शौविक चक्रवर्ती को जमानत

**नई दिल्ली/ए.।** ड्रग्स मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक चक्रवर्ती को स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट ने जमानत दे दी है। 7 नवंबर को शौविक ने मुंबई की विशेष एनडीपीएस अदालत में यह अर्जी दाखिल की थी। इससे लगभग एक महीने पहले बंबई उच्च न्यायालय ने शौविक की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

### आईआईटी छात्र को मिला 1.5 करोड़ का पैकेज

**नई दिल्ली/ए.।** कोरोना काल और आर्थिक मंदी के बावजूद प्रमुख आईआईटी संस्थानों में शानदार कैंपस प्लेसमेंट हो रहा है। घरेलू और विदेशी कंपनियां छात्रों को मोटे पैकेज पर जॉब ऑफर कर रही हैं। अमेरिका की दिग्गज आईटी कंपनी कोहेसिटी ने एक आईआईटी छात्र को सर्वाधिक 20 हजार यूएस डॉलर (करीब 1.5 करोड़ रुपये) का जॉब ऑफर किया है।

### कोरोना को मात देने वालों की दर 94 % हुई

**नई दिल्ली(वार्ता)।** देश में कोरोना को मात देने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि से इसकी दर 94 प्रतिशत से अधिक हो गयी है वहीं सक्रिय मामलों की दर भी गिरकर साढ़े चार प्रतिशत पर आ गयी। कोरोना संक्रमण के मामले लगातार तीसरे दिन 40 हजार से नीचे रहे। इससे पहले सोमवार को 38,772 और मंगलवार को 31,118 मामले आये थे। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 36,604 मामले आये जिसे मिलाकर संक्रमितों का आंकड़ा 94,99,413 हो गया है।

## मेडिकल कॉलेज के अस्पातल में ऑक्सीजन का रिसाव

**नवप्रदेश संवाददाता**

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के बसंतपुर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज के सहायग अस्पताल में ऑक्सीजन गैस रिसाव हो गया, जिसके कारण विस्फोट हुआ और आग लग गई। मंगलवार रात की यह घटना अस्पताल के इंटेनसिव कोरोनरी केयर यूनिट की है। प्राप्त जानकारी के अुनसार धमके की आवाज सुनकर अस्पताल की चौकी में तैनात जवान मौके पर पहुंचा और उसने आग पर काबू पाया। इस दौरान एग पहले से गंभीर मरीज की मौत हो गई।

**■ एक मरीज की मौत, पहले से गंभीर बीमारी से था पीड़ित**

जबकि आईसीसीयू वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कराया गया। ऑक्सीजन पाइप से गैस रिसाव शुरू हो गया था। इसके चलते वार्ड सहित पूरे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। घटना रात करीब 1:30 बजे की है। ऑक्सीजन पाइप से रिस रही गैस ने थोड़ी ही देर में पूरे वार्ड को अपनी चपेट में ले लिया। तेज धमाका हुआ और पाइप ने आग पकड़ ली। सूचना मिलते ही अस्पताल चौकी में ड्यूटी पर तैनात जवान मौके पर पहुंच गया। हालांकि जवान की सतर्कता से ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## भाजपा सांसद की कोरोना से मौत, सनी देओल की रिपोर्ट भी आई पॉजिटिव

**मुंबई/ए.।** भाजपा सांसद सनी देओल की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव ने सनी देओल की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने की पुष्टि की है। सनी देओल व उनके मित्र मुंबई जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच सनी देओल की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आ गई। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। सनी देओल के कंधे का कुछ दिन पहले ही मुंबई में ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद वे अपनी पसंदीदा जगह कुल्लु के फॉर्म हाउस में रहने को गए थे। फिलहाल डॉक्टरों की सलाह पर सनी देओल द्वारा इलाज करने की खबर है। वहीं दूसरी ओर गुजरात से भाजपा के राज्यसभा सांसद अभ्य भारद्वाज का कोरोना से निधन हो गया है। भाजपा सांसद का मंगलवार को चेन्नई में ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## ब्रिटेन में अगले हफ्ते से मिलेगी कोरोना वैक्सीन

**नई दिल्ली/(वार्ता)।** कोरोना वैक्सीन को लेकर इंतजार खत्म हो गया है। अगले हफ्ते से ये मिलनी शुरू हो जाएगी। दवा कंपनी फाइजर और बायो एन टेक की कोरोना वैक्सीन को ब्रिटेन में मंजूरी मिल गयी है और अगले सप्ताह से यह वैक्सीन पूरे ब्रिटेन में उपलब्ध हो जायेगी।

विश्वस्त सूत्रों के हवाले से मिली खबर के मुताबिक ब्रिटिश सरकार ने मेडिसिन एंड हेल्थ्केयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी की सिफारिश को मंजूर करते हुए फाइजर की कोरोना वैक्सीन के इस्तेमाल की बुधवार को मंजूरी दी है।

#### इनको लगेगी पहले वैक्सीन:

यह वैक्सीन अगले सप्ताह से उपलब्ध हो जायेगी। हालांकि, यह तय करना कि पहले किस आबादी समूह का टीकाकरण किया जायेगा, यह जिम्मेदारी ब्रिटेन की वैक्सीन समिति की है।

#### 94 फीसदी सफल रही ट्रायल में

फाइजर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अल्बर्ट बर्ला ने बुधवार को कहा कि कोरोना के खिलाफ जंग में यह एक ऐतिहासिक क्षण है। फाइजर ने मंगलवार को ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### *फाइजर व बायो वन टेक की वैक्सीन को मिली मंजूरी*

#### ओडिशा में अब 400 कोरोना का आरटी-पीसीआर टेस्ट

*भुवनेश्वर/ए.। कोरोना संक्रमण के बीच ओडिशा सरकार ने बड़ा फैसला किया है। सरकार के फैसले के बाद ओडिशा में आरटी-पीसीआर जांच कराना अब सस्ता हो जाएगा। ओडिशा में अब यह जांच महज 400 रुपये में होगी। इससे पहले कई दूसरे राज्य भी आरटी-पीसीआर टेस्टिंग के रेट घटा चुके हैं। मंगलवार को गुजरात के उप-मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने भी निजी प्रयोगशालाओं में कोरोना वायरस से संक्रमण की आरटी-पीसीआर विधि से जांच 1100 रुपये की बजाय 800 रुपये कर दी थी।*

**फैसला** — उत्तर प्रदेश के हाथरस की पीड़िता की फोटो छापने पर रोक लगाने से शीर्ष अदालत का इनकार

# हम कानून पर कानून नहीं बना सकते : सुप्रीम कार्ट

**नई दिल्ली/ए.।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मीडिया में हाथरस सामूहिक दुष्कर्म व हत्या मामले की पीड़िता की फोटो छापने पर सवाल उठाने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

कोर्ट ने कहा कि हम कानून पर कानून नहीं बना सकते है और याचिकाकर्ता को केंद्र के समक्ष एक प्रतिनिधित्व दायर करने को कहा है। बता दें कि 19 सितंबर को हाथरस में चार आरोपियों ने 19 वर्षीय दलित युवती के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया था। इसके बाद इलाज के दौरान 29 सितंबर को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई थी।

इसके बाद उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा कथित तौर पर उसके माता-पिता की सहमति के बिना रात में उसका दाह संस्कार कर दिया था, जिसके बाद देश में इस मामले को लेकर काफी आक्रोश फैल गया था याचिका में यौन हिंसा के मामलों की सुनवाई में देरी का मुद्दा भी उठाया गया था। इस याचिका पर सुनवाई के लिए मामला न्यायाधीया एन वी रमाना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया था। पीठ ने कहा कि इन मुद्दों का कानून से कोई लेना-देना नहीं है।

इस पीठ में जस्टिस सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस भी शामिल है। पीठ ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। इसके लिए पर्याप्त कानून है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी घटनाएं होती हैं।



#### क्या है हाथरस केस

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में 14 सितंबर को 19 वर्षीय दलित लड़की के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। 29 सितंबर को पीड़िता की दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में मौत हो गई थी। इस केस ने पूरे देश को हिला दिया था। इस मामले ने तूल तब पकड़ा जब जिला प्रशासन और पुलिस ने जबरन पीड़िता का शव जला दिया और गांव में मीडिया, नेताओं और अन्य लोगों की एंट्री बैन कर दी। इसके बाद इस घटना को साजिश करार दिया गया। घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। इसके बाद सीबीआई और ईडी की एंट्री हुई।

#### सीआरपीएफ पीड़ित परिवार व मामले के गवाहों को सुरक्षा प्रदान करेगी

सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि हम इसके लिए कानून पर कानून नहीं बना सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सरकार का प्रतिनिधित्व कर सकता है। 27 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि हाथरस मामले की सीबीआई जांच इलाहाबाद हाईकोर्ट की निगरानी में की जाए और सीआरपीएफ पीड़ित परिवार व मामले के गवाहों को सुरक्षा प्रदान करेगी। कोर्ट ने अक्टूबर में इस घटना पर चिंता जताते हुए फैसला सुनाया था।

## मास्क नहीं पहन बाहर घूमने वालों की कोरोना केंद्र में लगे ड्यूटी : हाईकोर्ट

**अहमदाबाद/ (वार्ता)।** गुजरात हाईकोर्ट ने बुधवार को राज्य सरकार को निर्देश दिया कि बिना मास्क पहने बाहर घूमने और सार्वजनिक स्थानों पर सामाजिक दूरी सम्बंधी नियमों का पालन नहीं करने वालों को कोरोना रोगियों की देखभाल के लिए बने कोविड केंद्रो में सामुदायिक सेवा के लिए लगाया जाए। मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ की अगुवाई वाली खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि ऐसे लोगों को ऐसे केंद्रो पर पांच से पंद्रह दिनों तक रोज चार से छह घंटे तक सफाई, खाना बनाने, डाटा और अन्य रिकॉर्ड आदि में मदद जैसे गैर मेडिकल सेवा के कार्य में लगाना चाहिए।

#### *गुजरात में कोरोना के 2 लाख 10 हजार से ज्यादा मामले*

*राज्य में अब तक कोरोना के 2 लाख 10 हजार से अधिक मामले आए है जिनमे से करीब 15 हजार सक्रिय हैं। अब तक 4 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अदालत ने राज्य सरकार से अपने निर्देश के अनुपालन के मामले में एक रिपोर्ट 24 दिसंबर तक जमा करने के आदेश भी दिए हैं।*

■ न्यूज गैलरी

## डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में तेजी

**भिलाई।** निगम क्षेत्र अंतर्गत चल रहे सफाई कार्यो का अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने कचरा जमा नहीं होने के निर्देश दिए हुए हैं। सड़कों व नालियों की सफाई तथा बाजार क्षेत्रों में दिन तथा रात्रिकालीन सफाई करने निगम का अमला जुटा हुआ है। निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जोन कमिश्नर अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व्यापारियों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने तथा गीला एवं सूखे कचरों को अलग.अलग रखते हुए कचरों को अनियंत्रित तरीके से फेंकने पर समझाइश दी।

## पहले दिन 783.20 क्विंटल धान खरीदी

**कुम्हारी।** राज्य शासन के निर्देश पर 1 दिसम्बर से धान खरीदी का शुभारंभ किया। इसके तहत सेवा सहकारी समिति कुम्हारी में 783.20 क्वि. धान की खरीदी की गई। इसके निरीक्षण व रख रखाव हेतु जिला कॉंग्रेस कमेटी के आदेशानुसार धान खरीदी केन्द्र मे सुबह 10 बजे उपस्थित होकर अवलोकन किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर स्वयं उपस्थित रहे एवं पूजापाठ कर धान तौलकर धान खरीदी प्रारंभ किया।

# लोक कला मार्ग का सीएम बघेल ने किया शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** निगम सीमा अंतर्गत निगम द्वारा एसपी बंगला सिविल लाइन मार्ग में छत्तीसगढ़ी लोक कलाओं की मूर्तियों से सजी लोक कला मार्ग का नामकरण, लोक कला मूर्तिया के आर्ट से सजी रंगीन लाइटों के बीच यहां छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति राउत नाच, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, सूर्य प्रणाम एव खेती किसानों से सम्बंधित कलात्मक प्रतिमाएं से सजी लोक कला मार्ग का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा गृहमंत्री एव लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र

चौबे, विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, निगम कमिश्नर इंद्रजीत बर्मन एव एमआईसी सदस्यगण, पार्षद गण व पदाधिकारीगण एव निगम अधिकारी कर्मचारीगण एव आमजनता की मौजूदगी में शुभारंभ कर आम जनता को लोक कला मार्ग की सुंदरता की सौगात दिए। छत्तीसगढ़ी लोक कला मार्ग की कल्पना विधायक वोरा का है उनकी सोच व मंशा के अनुरूप इस क्षेत्र को तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद शहर के प्रमुख चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण किए जाने की योजना बनाई गई है। सौंदर्यीकरण की दिशा में शहरवासियों को छत्तीसगढ़ी लोक कला संस्कृति से जोड़ने विधायक निधि के 50 लाख से राउत नाचा, सुवा नृत्य, योद्धा नर्तन, कुम्हार, हल चलाते किसान और सूर्य नमस्कार योग की झलकियां इस सौंदर्यीकरण में नजर आएगी। धूल मुक्त सड़क के लिए दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाया गया है। सिविल लाइन क्षेत्र में सुबह और शाम के वक्त हजारों की संख्या में लोग मॉर्निंग वॉक और इवनिंग वॉक के लिए आते हैं जहां लोगों को अब धूल मुक्त सड़क और छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति की झलकियां लग जाने से यहां आने वाले लोग काफी सुकून महसूस करेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने आज लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले उन्होंने भारत रत्न श्री मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इसके बाद फीता काटकर किया भवन का लोकार्पण।

मुख्यमंत्री बघेल ने आज जिला मुख्यालय में बीएसएनएल भवन परिसर में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण अवसर पर कार्यालय का अवलोकन किया। उन्होंने अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के कार्यालय को इन वर्ग के लोगों के विकास के लिए कारगर कदम बताया। कार्यालय का शुभारंभ होने पर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया और मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के कल्याण और विकास के लिए अनेक महत्वकांक्षी योजना संचालित की जा रही है। अनुसचित जाति विकास प्राधिकरण के कार्यालय का शुभारंभ होने से इन विकास योजनाओं को गतिमान पूर्वक पहुंचाने में मदद मिलेगी। साथ ही साथ समुदाय के विकास के लिए नए द्वार भी खुलेंगे।

# भिलाई की शान में आज एक और सितारा जड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

**भिलाई।** नगर की शान में आज एक और सितारा जड़ा है। पंडित जवाहर लाल नेहरू के विजन इस भिलाई शहर की दुनिया भर में शान, मान और अभिमान है। पं. नेहरू द्वारा आरंभ किए गए आईआईटी की यह श्रृँखला भिलाई तक पहुंची है। देश का तेईसवां आईआईटी है। यह हमारा गौरव है। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आईआईटी भिलाई के शैक्षणिक क्षेत्र कारिडोर के भूमिपूजन एवं विभिन्न भवनों की अधिरचना स्थापन कार्यक्रम के

अवसर पर कही। कार्यक्रम स्थल में सबसे पहले सुपर स्ट्रक्चर पर ईट रखी। यह ब्रिक लेयिंग सेरेमनी का हिस्सा होता है। इसके बाद कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने शिला पट्ट का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने थ्री डी माडल का अनावरण भी किया। इस अवसर पर आईआईटी के फर्स्ट फेज के डिजाइन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि आईआईटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ में रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा, जो यहां लौह आधारित उद्योगों के लिए काफी उपयोगी होगा। लोग छत्तीसगढ़ में धान आधारित एथेनाल उद्योग पर काम करने वाले हैं। आईआईटी में यदि इसकी कास्ट कटिंग पर कोई रिसर्च होता है तो इस उद्योग के लिए यह काफी उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि छग जैसे कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाले राज्यों के लिए आईआईटी इस तरह के रिसर्च माडल विकसित करे।

# आयुक्त के निर्देश पर ऑटो पर कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

**रिसाली।** कोविड.19 गाइड लाइन का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने पहुंचे अधिकारियों से फैंसी स्टोर्स के संचालक ने हुज्जत की। अधिकारियों के चेतावनी के बाद भी दबंगई दिखाने पर घटना की शिकायत नोडल अधिकारी रमाकांत साहू से की। बाद में कार्यवाही करने सूचना नेवई थाना को दी गई। निगम की टीम ऑटो सवार यात्रियों से भी जुर्माना वसूल किया। अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे द्वारा गठित टीम के प्रभारी अनिल मेश्राम सहयोगियों के साथ बुधवार स्टेशन मरोदा पहुंचे। जहां महालक्ष्मी श्रृंगार सदन के संचालक को बिना मास्क सामान बेचते देख समझाईश देने पहुंचे। चर्चा के दौरान ही दुकान संचालक ने नियमों को नहीं मानने की बात कहते दबंगई दिखाई। जुर्माना राशि देने से इंकार कर दिया। इसकी शिकायत और धारा 188 के तहत कार्यवाही करने निगम के अधिकारियों ने नेवई पुलिस को पत्र लिखा है।

कोरोना संक्रमण को रोकने गठित टीम नेवई में अभियान चलाते यात्री वाहनों की जांच की। इस दौरान ऑटो सवार यात्री बिना मास्क सफर कर रहे थे। टीम में शामिल निगम के पंकज भगत व अविनाश खुटेल ने कुल 800 जुर्माना वसूल किया। साथ ही मास्क का वितरण करते हुए बिना मास्क के घर से निकलने पर दोबारा जुर्माना वसूल किए जाने की चेतावनी दी।

निगम के अधिकारी स्टेशन मरोदा में मास्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान अधिकांश दुकान संचालक बिना मास्क पहने व्यापार कर रहे थे। अधिकारी कर्मचारियों ने व्यापारियों से कुल 11 सौ जुर्माना वसूल कर मास्क का वितरण किया।

# लोककला मार्ग के मुद्दे को लेकर भाजयुमो ने किया जोरदार प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** पूर्व महापौर सुश्री सरोज पाण्डेय के कार्यकाल में रविशंकर स्टेडियम के पीछे निर्मित फ्लावर स्ट्रीट व विवेकानंद मार्ग का संधारण कर नाम परिवर्तन कर लोककला मार्ग किए जाने व पूर्वनिर्मित कार्य के लगे लोकार्पण पत्थर को निगम प्रशासन द्वारा उखाड़े जाने के मुद्दे को लेकर आज सीएम भूपेश बघेल के आगमन के पूर्व जिला भाजयुमो के नेताओ व पार्षदों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधीश की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दिया तत्पश्चात जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से हड़बड़ा, निगम प्रशासन ने आनन फानन में रानी दुर्गावती प्रतिमा के फिर पत्थर लगाया गया। इस घटना के विरोध में भाजपा पार्षदों ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। विदित हो कि उक्त फ्लावर स्ट्रीट का आज से लगभग 12 वर्ष पूर्व महापौर सरोज पाण्डेय के कार्यकाल में निर्माण किया गया था जिसका लोकार्पण तत्कालीन प्रभारी मंत्री राजेश मूणत द्वारा किया गया था जिसका शिलापत्थर एसपी बंगला के सामने लगा था उसे अब उखाड़ दिया गया है इसे लेकर आज भाजपा पार्षद दल एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपकर जोरदार विरोध दर्ज कराया गया इस दौरान प्रमुख रुप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष दिनेश देवांगन नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित भाजपा पार्षद व बड़ी संख्या में युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। ज्ञापन सौंपने के दौरान चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, काशीराम कोसरे, ओमप्रकाश सेन, मनीष साहू, गुलाब वर्मा, हेमा शर्मा, अजीत वैध सहित अन्य मौजूद थे।

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग

**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरिओम गुप्ता आ. स्व. मुरारी लाल गुप्ता निवासी जी-03 जनता क्वाटर पद्मनाभपुर जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा पद्मनाभपुर दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक जी-03 जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्री हरिओम गुप्ता की मृत्यु दिनांक 31.10.2016 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत उनके वारिस/ वारिसानों श्री राजकुमार गुप्ता आ. स्व. हरिओम गुप्ता ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रं. जी-03 पद्मनाभपुर दुर्ग जिला दुर्ग को श्री राजकुमार गुप्ता के नाम इस शर्त पर नामांतरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. हरिओम गुप्ता के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है तो उसके लिए मंडल कोई जवाबदार नही होगा।

अतः श्री राजकुमार गुप्ता के नाम पर हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 02.12.2020 को जारी किया गया हैं।

मुहर

सम्पदा अधिकारी के आदेशानुसार
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, दुर्ग, (छत्तीसगढ़)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /अ-20(1) 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग (छ.ग.) के प्र. क्रमांक 202011100400180/अ-20(1) दिनांक 7/11/2020 के माध्यम से आवेदक 1. शक्तिलाल यादव पिता दयाराम यादव 2. सनत यादव पिता दयाराम यादव निवासी-पुरानी बस्ती पोटियाकला दुर्ग को ग्राम पुरानी बस्ती पोटियाकला, प.ह.नं. 23 स्थित भूमि खसरा नं. 226 रकबा 0.785 हे. में से रिक्त भूखण्ड रकबा 750 वर्गफीट को आवंटन/ व्यवस्थापन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर / दावा पेश करना हो तो पेशी दिनांक 31/12/24 तक स्वयं अथवा स्वयं के द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति-आक्षेप पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 01.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202011100700179

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय यादव पिता सहदेव यादव निवासी ग्राम अस्तपाल कालोनी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 35/8 रकबा 838 वर्गफीट भूमि को विक्रेता संतोष कुमार जायसवाल पिता शिवशंकर जायसवाल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.10.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202011100700180

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजीव कुमार पिता कृष्णा देव सिंह निवासी ग्राम रावल बिगडा तहसील व जिला औरंगाबाद के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 29/18 रकबा 1028 वर्गफीट भूमि को विक्रेता संतोष कुमार जायसवाल अन्य 03 पिता शिवशंकर जायसवाल निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 03.11.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमित कुमार अग्रवाल पिता ललित कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम दीपक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1346/34 रकबा 0.008 हे. भूमि को दानदाता श्रीमती शकुन्तला पति ललित कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम दीपक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 04.11.2020 को दान में प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नेहा जैन ध.प. स्नेह जैन साकिन जैन गली दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8.12.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निकिता गुप्ता आ./ पति विवेक गुप्ता साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.050 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8.12.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निति जैन आ./ पति संजय जैन साकिन देवास द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8.12.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निति जैन आ./पति संजय जैन साकिन देवास द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/13 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8.12.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक किशोर गुप्ता आ. स्व. मूलचंद गुप्ता साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल व अन्य से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8.12.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा-पत्र**

मा.क्र.//अ-06 अ/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कबीर यादव पिता स्व. बिहारीलाल यादव साकिन पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक क्रयशुदा भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न 23 अ तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा नं. 349/1, 437/8, 460/1 रकबा 0.0040, 0.0530, 0.279 हे. भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 05.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा-पत्र**

मा.क्र./अ-24/ वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 20201210070001

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक एवेन्यु सुपरमार्टस लिमि. द्वारा श्री हरवंत सिंह माहाल आ. श्री हरभजन सिंह माहाल पंजीकृत कार्यालय आंजनेय हीरानंददानी फाउंडेशन स्कूल के सामने पवई मुंबई जिला मुंबई द्वारा अपने खाते में अपने अधिकार जो ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 23 अ रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 62/33, 63/3, 80/290 रकबा क्षेत्रफल जो त्यजन किया जा रहा है 0.0220, 0.0980, 0.0790 हे. को शासन के हित में त्याग करने का आवेदन मय दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 22.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202011100700126

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नितेश सिंह सोरी पिता नरेश कुमार सोरी निवासी ग्राम नयापारा तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2/67 रकबा 868 वर्गफीट भूमि को विक्रेता महेन्द्रनाथ सिंह निवासी ग्राम दीपक नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.11.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.12.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शुभम जैन आ देवेन्द्र जैन साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न.26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती नेहा जैन ध.प. स्नेह जैन साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12,572/13 रकबा 0.104 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शुभम जैन आ देवेन्द्र जैन साकिन ब्राम्हण पारा दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विवेक गुप्ता आ अशोक साकिन आपापुरा दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बीना जैन ध.प. देवेन्द्र जैन साकिन जैन गली दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र कुमार जैन आ कस्तूर चंद जी जैन साकिन जैन गली दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सुनीता गुप्ता ध.प. अशोक गुप्ता साकिन आपापुरा दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बीना जैन ध.प. देवेन्द्र जैन साकिन जैन गली दुर्ग द्वारा ग्राम महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न 572/12 रकबा 0.118 हें. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता तुलेश्वरी साहू आ भारतलाल वगेरह से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किये के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/12/2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

## न्यूज गैलरी

### पैरोल पर गए बंदियों की अवधि 2 सप्ताह और बढ़ाई गई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा 30 सितम्बर 2020 को पारित आदेश के अनुपालन में कोरोना वायरस कोविड-19 के संदर्भ में पैरोल/अस्थाई मुक्ति में छोड़े गए दण्डित बंदियों की पैरोल अवधि 30 नवम्बर 2020 तक बढ़ाई गई थी। बंदियों के परिजनों द्वारा लगाए गए पिटिशन पर माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आज एक दिसम्बर 2020 को सुनवाई की गई और अंतिम अवसर देते हुए पैरोल/अस्थाई मुक्ति पर गए दण्डित बंदियों की पैरोल अवधि एक दिसम्बर 2020 से 2 सप्ताह तक बढ़ाई गई है। प्रदेश में कुल 1348 बंदी पैरोल/अस्थाई मुक्ति पर जेल से बाहर हैं, जिसमें 465 बंदियों का पैरोल जिला मजिस्ट्रेट एवं 883 बंदियों का पैरोल महानिदेशक जेल द्वारा स्वीकृत किया गया है।

### जुआ खेलते 23 गिरफ्तार,नगदी 64 हजार रुपए से ज्यादा बरामद

**रायपुर।** जुआ खेलते 23 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 64 हजार 4 सौ रुपयें एवं ताश की 52 पत्ती जब्त की है। आरंग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 01 दिसंबर को जुआ खेलने की सूचना ग्राम समोदा व निसदा में जुआ खेलने की सूचना पर छापामारकर रेड की कार्रवाही के दौरान 23 जुआरियों को पकड़ा है। ग्राम समोदा आरंग में जुआ खेलते दानीराम 36 वर्ष पिता बिसउवा यादव एवं अन्य 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह ग्राम निसदा आरंग में रेखराज निषाद 44 वर्ष पिता निर्भया निषाद व अन्य 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही कर जमानतीय मुचलका पर रिहा कर दिया है।

### राजधानी में युवक को चाकू से गोदा, हत्या का अपराध दर्ज

**रायपुर।** राजधानी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू से गोदकर प्राणघातक चोट पहुंचाने की रिपोर्ट पुरानी बस्ती थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिव चौक भीमनगर पुरानीबस्ती निवासी राजेश बांद्रे आयु 40 वर्ष पिता उदयाल वान्द्रे ने बीती रात रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 1 दिसंबर को रात 9.30 बजे पीड़ित का भाई आकाश वान्द्रे खाना खाकर टहलने सिद्धार्थ उईके आयु 20 वर्ष पिता विनश उईके के घर के सामने भीमनगर पुरानी बस्ती गया हुआ था। तभी 4 माह पूर्व विवाद को लेकर सिद्धार्थ उईके ने हत्या करने की नियत से चाकू निकालकर हमला कर पीठ,आंख ,पेट व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट पहुंचाया। आकाश वान्द्रे को गंभीर हालत में इलाज के लिये मेकाहारा अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### गृह मंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह को दिए आवश्यक निर्देश

**रायपुर।** गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस जवानों को तनाव मुक्त होकर कार्य करने की सलाह दी है। गृह मंत्री श्री साहू ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए शुरू किए गए स्पंदन अभियान के तहत खेलकुद का आयोजन करने, समय-समय पर काऊंसलिंग, स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही विभिन्न कैम्पों का भ्रमण करने और उपयुक्त प्रणाली के माध्यम से पुलिस जवानों की समस्याओं और उनके समाधान के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्री ने अपर मुख्य सचिव गृह श्री सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक श्री डी.एम. अवस्थी एवं पुलिस महानिदेशक (नक्सल अभियान) श्री अशोक जुनेजा की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### कार में शराब तस्करी करते 3 गिरफ्तार, 2 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी करते चार पहिया वाहन में तीन लोगों को गिरफ्तार कर कार की डिक्की से 96 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त किया है। आरंग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर को मुखबीर की सूचना पर घंड़ी चौक रायपुर की तरह से मोवा होकर होण्डा आईकान कार क्रमांक एमएच 31 एडब्लू 1111 में शराब तस्करी करने की सूचना पर पुलिस ने मोवा ओव्हरब्रिज के नीचे दलदल सिवनी में घेराबंदी कर सामने से आ रही कार को रोककर चेकिंग करने पर डिक्की के अंदर अवैध 2 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब कीमत 11520 रुपयें मिलने पर शराब जब्त कर कार चालक विजय प्रसाद मालवीय आयु 36 वर्ष पिता मथरा मालवीय निवासी इस्तवारी रेल्वे स्टेशन शांति नगर महाड़ा कालोनी महाराष्ट्र व शहजाद अली आयु 20 वर्ष शरीफ अली निवासी इस्तवारी रेल्वे स्टेशन महाराष्ट्र एवं अब्दुल शोहेल आयु 20 वर्ष पिता अब्दुल कलीम निवासी सरंजीपुरा ओल्ड भंडारा रोड बड़ी मजिस्द के पास नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया।

### सट्टा लिखते एक गिरफ्तार,नगदी रुपयें एवं सट्टा पर्ची सहित चाकू जब्त

**रायपुर।** जुआ व सट्टा की कार्रवाही के दौरान कोतवाली पुलिस ने सट्टा पट्टी लिखते एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सट्टा -पट्टी व नगदी सहित एक चाकू जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 1 दिसंबर को गांधीनगर हनुमान मंदिर कोतवाली में एक व्यक्ति द्वारा सट्टा-पट्टी लिखने की सूचना पर बताये गए हुलिये के अनुसार मौके पर पहुंचकर सट्टा पट्टी लिखते मोहम्मद रफीक आयु 35 वर्ष पिता श्मसुजमा खान निवासी हांडीपारा आजाद चौक रायपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से नगदी एक नग सट्टा डायरी जिसमें विभिन्न अंक व रुपयें 45 सौ दर्ज है। आरोपी के पास से नगदी 22 सौ रुपयें एवं एक नग कमर में छुपाकर रखा चाकू जब्त किया है।

### तेज रफ्तार कार ने बाईक सवार को मारी टक्कर, दो की मौत

**रायपुर।** रोड एक्सीडेन्ट में बाईक सवार दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने जांच के बाद कार चालक के खिलाफ धारा 304 ए का अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे हीरो पैशन प्रो.मोटरसाइकिल सवार मनहरण दास महेश्वरी आयु 40 वर्ष पिता विश्राम दास एवं सुरज खेलवार आयु 27 वर्ष पिता मोहनखेलवार की पुजारी पेट्रोलपंप के पास पचपेड़ीनाका के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो जाने पर इलाज के दौरान मौत हो जाने की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा व गवाहों से लिये गए बयान के बाद घटना स्थल के पास लगे सीसी टीवी फुटेज के आधार पर कार क्रमांक सीजी 13 सी 8707 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने के वजह से एक्सीडेन्ट होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की है।

**गिरफ्तारी के महज 24 घंटे बाद ही आरोपी छात्र धर्मेन्द्र ने किया खुदकुशी**

# महिला आईपीएस पर परिजनों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

- **ट्रेनी आईपीएस रत्ना सिंह ने प्रताड़ना व डिप्रेशन वाली बात से किया इंकार**

नव प्रदेश संवादाता

**रायपुर।** राजधानी के पुरानी बस्ती थाना स्टाफ और महिला आईपीएस रत्ना सिंह पर आरोपी मृतक युवक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाया है। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी एक महिला की शिकायत के बाद आरोपी युवक धर्मेन्द्र आदिले को पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया था। बताते हैं कि आरोपी युवक पर गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी रत्ना सिंह व स्टाफ ने प्रताड़ित किया। परिजनों के मुताबिक महज 24 घंटे में ही छूटकर घर आए धर्मेन्द्र ने आत्मग्लानी में फांसी लगाकर खुदकुशी को अंजाम दिया है। मृतक युवक के मामा रवि गिलहरे सरकारी स्कूल में लेक्चरार है और उनका आरोप है कि पुरानी बस्ती की ट्रेनी आईपीएस रत्ना सिंह व स्टाफ की सीधी कार्रवाई के अलावा एक मेधावी छात्र के साथ दुर्व्यवहार का नतीजा है कि धर्मेन्द्र ने आत्महत्या का रास्ता चुना।

परिजनों के आरोपों को सिरे से नकारते हुए आईपीएस रत्ना सिंह का कहना था कि थाने में युवक पर किसी तरह की कोई प्रताड़ना नहीं हुई है, थाने में उसके व्यवहार में डिप्रेशन में आने जैसी कोई बात नहीं लगी, मैं मानती हूं कि उस परिवार का दुख काफी ज्यादा है, वो आरोप लगा रहे हैं तो क्या कहा जा सकता है, लेकिन थाने का सीसीटीवी चालू था, अगर प्रताड़ना होती तो वीडियो में आया होगा, इसके अलावे पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रताड़ना जैसी कोई बात होगी तो रिपोर्ट आयेगी, मैं हैरान हूं कि उस युवक ने खुदकुशी की, लेकिन पुलिस ने सिर्फ और सिर्फ नियम के मुताबिक कार्रवाई की है। महिला की शिकायत के आधार पर 151 के तहत कार्रवाई की गयी थी। थाने में जब तक वो रहा नार्मल था, लेकिन अचानक घर जाकर उसके दिमाग में क्या ऐसी बात आयी ये समझ से परे हैं।

**यह है पूरा मामला**

पुरानी बस्ती थाना में अपने पति के साथ एक महिला ने शिकायत की थी कि धर्मेंद्र उसे बराबर परेशान करता है। उसने उसकी फेसबुक आईडी भी हैक कर ली थी और सारे फोटो भी रख लिये थे। आरोप ये भी था कि धर्मेंद्र लगातार फोटो को महिला के परिजनों को भेज रहा था। इस मामले में फोन पर लगातार परेशान करने के बाद महिला ने जब फोन नंबर बंद कर दिया तो दूसरे परिजनों को फोन कर युवक परेशान करने लगा। महिला ने थाने में शिकायत के दौरान फोन नंबर भी धर्मेंद्र का दिया था। पुलिस को मिली इस शिकायत के बाद युवक के खिलाफ कल मंगलवार को धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गयी थी। आज सुबह युवक ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों का आरोप है कि थाने में उसे प्रताड़ित किया गया, जिसकी वजह से वो डिप्रेशन में चला गया था।

## पश्चिम की जनता को मिल रहा गौ-धन योजना का लाभ : विकास उपाध्याय

- **हीरापुर में जर्जर हो चूके तीन पानी टंकियों को तोड़कर मिनी गार्डन बनाया जाएगा**

**रायपुर।** विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय आज दूसरे दिन ''विधायक तुँहर दुआर'' के तहत हीरापुर और टाटीबंध के पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर लंबित प्रकरणों का निपटारा किया। उन्होंने कहा पश्चिम विधान सभा के लोगों को भी गौ-धन योजना का लाभ मिल रहा है एवं भूपेश सरकार के द्वारा संचालित योजनाएँ आम जन के हित में फ्लीभूत हो रही हैं। क्षेत्र की जनता पिछले 02 वर्षों में विधायक द्वारा किये गए कार्यों से संतुष्ट है।

''विधायक तुँहर दुआर'' कार्यक्रम की शुरूआत के साथ ही इस कार्यक्रम को लेकर पूरे पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखी जा रही है। आज सुबह विधायक विकास उपाध्याय हीरापुर क्षेत्र के एक-एक गलियों का निरीक्षण कर आम जनता से लगातार मुलाकात कर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों को सुलझाने को लेकर चर्चा की। इस बीच हीरापुर क्षेत्र में पानी के तीन ऐसे बड़े टैंक की जानकारी संज्ञान में आई जो वर्षों से खण्डहर हैं और पानी को लेकर इसकी जरूरत भी नहीं है। जिसे तोड़कर उन स्थानों में मिनी गार्डन बनाये जाने का विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं वर्षों पूर्व हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित मकानों से लगे नालियों में आ रही पानी सिवरेज की समस्या को लेकर विधायक विकास उपाध्याय ने नगर निगम के अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। विधायक विकास उपाध्याय ने बताया इस क्षेत्र में गौठानों से आम जनता को मिल रही आय को लेकर भी लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखी गई। अटारी एवं जरवाय में 02 गौठाने बनाई गई हैं जिसका लाभ यहाँ के लोगों को मिल रहा है। गोबर बिक्री के कार्य में लगे लोगों को जिन्हें एक ट्रॉली का 750 रूपये तक मिलता था।

## कलिंगा विवि के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में शोध प्रवृत्ति और नयी खोज को विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न वेबिनार और कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहा है।जिसमें देश-विदेश के शीर्षस्थ विद्वानों को आमंत्रित किया जाता है।जो विद्यार्थियों को किसी विशेष विषय पर अपने ज्ञान से लाभान्वित करते हैं। इसी तारतम्य में कलिंगा विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वावधान में 'बायोफर्टिलाइज़र फार्मूलेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ।

कोरोना महामारी प्रकोप के कारण शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सभी कार्यक्रम ऑनलाईन किए जा रहे है।इसीलिए उक्त राष्ट्रीय कार्यशाला का ऑनलाईन आयोजन संपन्न किया गया।राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजन के प्रथम चरण में भारतीय परंपरा के अनुसार ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उक्त कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रुप में कमला नेहरू महाविद्यालय, नागपुर के प्रमुख प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या मोघे उपस्थित थीड्ढ। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को जैव उर्वरक का फसलों के ऊपर महत्व और सूक्ष्मजीवों के उपयोग से इसे बनाने की विधियों से भी अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि, जैवउर्वरक एक जीवित उर्वरक है, जिसमें सूक्ष्मजीव विद्मान रहते हैं। जो फसलों के लिए बहुत ही लाभकारी होता है और उनकी गुणवत्ता को बढ़ाता है। इसके साथ ही डॉ. संध्या मोघे ने जैव उर्वरक के सूक्ष्मजीवों द्वारा उत्पादन की विधि को भी लाइव प्रसारित करके सिखाया। उक्त आयोजन में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.श्रीधर,महानिर्देशक डॉ.बैजू जॉन,कुलसचिव डॉ.संदीप गांधी,जैव प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ.सुषमा दूबे,डॉ. रामस्वरुप सैनी,श्री डिलेन्द्र चंद्राकर, सुश्री निराली बुधभट्टी , श्री श्रीकांत सिंह,श्री राहुल चंद्राकर और विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थें।कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात राष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. सुषमा दूबे ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## खाद्य विभाग में सहायक खाद्य निरीक्षकों एवं उपनिरीक्षकों के तबादलों से 54 प्रभावित

- **प्रशानिक फेरबदल से कामकाज में आएगी तेजी**

**रायपुर।** खाद्य विभाग में गत एक दिसम्बर को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में 54 अधिकारियों में सहायक खाद्य निरीक्षक से लेकर उपनिरीक्षक तक के पदों पर पदस्थ अधिकारियों के तबादले सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव जीएस सिकरवार द्वारा आदेश क्रमांक एफ-1-40/2020/29-1 के तहत जारी किये गये हैं। जारी आदेश में संचालनालय से लेकर जिला कार्यालय तक में पदस्थ अधिकारियों को आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया गया है। प्रभावित अधिकारियों की सूची इस प्रकार है-

मो. अल्लाउद्दीन खाद्य निरीक्षक मुंगेली यथावत, रोशनलाल गुप्ता सहायक खाद्य अधिकारी मुंगेली यथावत, कुमारी श्वेता अग्रवाल सहायक खाद्य अधिकारी सूरजपुर से सूरजपुर, जानकीशरण कुशवाह सूरजपुर से बालोद, सुधा महिलांग राजनांदगांव से दुर्ग, चम्पाकली जशपुर से जशपुर, प्रहल्लाद प्रसाद राठौर दंतेवाड़ा से बलौदाबाजार, मनीष जशपुर से जांजगीर चांपा, ज्योति साहू राजनांदगांव से बेमेतरा, कुमारी सरिता अग्रवाल महासमुंद से रायपुर, विक्रांत नायडू सुकमा से सुकमा यथावत, सुशील शर्मा बस्तर से महासमुंद, सुशील टंडन मुंगेली से दंतेवाड़ा, कमलेश पटेल सूरजपुर से खाद्य संचालनालय रायपुर, कुमारी प्राची सिन्हा रायगढ़ से बस्तर, रामनारायण साहू बलौदाबाजार से बीजापुर, लक्ष्मण प्रसाद कश्यप बेमेतरा से बलौदाबाजार, मनोज सारथी रायगढ़ से बीजापुर, रविकुमार राज रायढ़ दंतेवाड़ा, बिन्दू प्रधान रायपुर से दुर्ग, वीरेन्द्र पंकज पोर्ते रायगढ़ से बीजापुर, गौरसिंह जातरे महासमुंद से सरगुजा, द्रोण कामड़े राजनांदगांव से बलौदाबाजार, कुमारी वर्षा चौहान रायगढ़ से महासमुंद, राजन कश्यप रायगढ़ से सरगुजा, शैलेन्द्र कुमार एक्का रायगढ़ से सरगुजा, हरीश कुमारी सोनेश्वरी कोरबा से सरगुजा, विनोद कुमार सागर राजनांदगांव से कोरिया, संजय कुमार ठाकुर बलौदाबाजार से कोरिया, मनोज बघेल बिलासपुर से सुकमा, विवेक मिश्रा दुर्ग से बेमेतरा, संतोष कुमारी आहिरे कोरिया से सूरजपुर, कुमारी वसुधा राजपूत बिलासपुर से सुरजपुर, कुमारी विभाकिरण रायपुर से धमतरी, हितेश दास मानिकपुरी कोंडागांव से रायगढ़, संतोष कंवर जांजगीर चांपा से बलरामपुर, कु. मनीषा कश्यप जांजगीर चांपा से धमतरी, कु. ललिता शर्मा जांजगीर चांपा से महासमुंद, अनूप कुजूर सरगुजा से जशपुर, कुमारी उर्मिला गुप्ता कोरबा से राजनांदगांव , कुमारी श्वेता दीवान रायपुर से कवर्धा, सुधरी खेस्स जशपुर से बालोद, कुमारी ज्योति मिश्रा जांजगीर चांपा से गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, गुलशन अनंत जशपुर से बलरामपुर, कु. सरस्वती बालोद से गरियाबंद, कुमारी नीतू सिंह नेताम बेमेतरा से धमतरी, कुमारी आरती यादव महासमुंद से गरियाबंद, नरेन्द्र कुमार पिपरे धमतरी से गरियाबंद, कुमारी हेमा नाग बालोद से महासमुंद, कुमारी सोनाली ठाकुर गरियाबंद से बलौदाबाजार, भूवनेश्वर सोरी बस्तर से बलौदाबाजार, कुमारी श्रद्धा चौहान संचालनालय रायपुर से रायगढ़ एवं योगेश मिश्रा दंतेवाड़ा से दंतेवाड़ा स्थानांतरित किये गये है। जारी आदेश में उक्त समस्त तबादले प्रशासनिक आधार पर किये गये हैं। थोक में हुए तबादले के कारण खाद्य विभाग में हड़कम्प का माहौल बन गया है।

## सामान खरीदने के दौरान व्यापारी के थैले से 95 हजार रुपए पार, सीसी कैमरा में दिखा चोर का चेहरा

**रायपुर।** सामान खरीदने गये व्यापारी के थैला से 95 हजार रुपयें चोरी करते सीसी कैमरा चोर कैद हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

मानाकैम्प पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी बोरियाकला रायपुर निवासी नवीन राजदेव 29 वर्ष पिता राधाकृष्ण राजदेव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 26 नवंबर को अंबिका ट्रेडर्स थोक बाजार डुमर अपने दुकान के लिये सामाना खरीदने गया हुआ था। सामान खरीदने के दौरान दुकानदार को थैला से निकालकर 20 हजार रुपयें पेमेन्ट करने के बाद 95 हजार रुपयें थैला में रख चावल की बोरी के उपर रखा था। पेमेन्ट करने के बाद थैला व सामान लेकर घर चला गया,वहां जाकर थैला में रखे रुपयें चेक किया तो नही मिला।

# धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं देने का प्रयासः जयसिंह अग्रवाल

- **कोरबा में राजस्व मंत्री ने दो नवीन उपार्जन केन्द्र का किया शुभारंभ**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक दिसम्बर से धान खरीदी उत्सव प्रारंभ हो गया है। किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। किसानों के लिए उनके गांवों के आस-पास ही धान खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। इसके लिए राज्य शासन ने इस खरीफविपणन वर्ष में करीब 260 नवीन धान खरीदी केन्द्र बनाए है। इसी कड़ी में प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा में दो नवीन धान उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ किया। राजस्व मंत्री ने कोरबा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 48 सुमेधा और वार्ड क्रमांक 31 दादरखुर्द धान उपार्जन केन्द्र का उद्घाटन किया। नवीन धान खरीदी केन्द्र शुरू होने से क्षेत्र से लगे गांव के किसानों को लम्बी दूरी तय करके धान बेचने जाने से मुक्ति मिलेगी। गांव के पास ही धान

खरीदी केन्द्र शुरू होने से धान बेचने में किसानों को सहूलियत भी होगी। धान खरीदी केन्द्र सुमेधा के लोकार्पण समारोह में राजस्व मंत्री ने कहा कि सुमेधा में धान खरीदी केन्द्र शुरू होने से आसपास के लगभग आठ गांवो सेमीपाली, नागिनभाठा, केंदईखार, सुमेधा, लाटा, अगारखार, कुमगरी तथा सलियाभाठा के किसानों को अपने उपार्जित धान को बेचने के लिए लगभग 20 किलोमीटर दूर कनबेरी धान खरीदी केन्द्र नहीं ले जाना पड़ेगा। इन आठ गांवो के किसानों को सुमेधा में धान बेचने की सहूलियत होगी तथा धान को दूरस्थ खरीदी केन्द्र ले जाने में लगने वाला समय और पैसे की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रदेश के किसानों को हर संभव सुविधा देने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। किसानों को उनका धान उनके गांव में व आसपास ही बेचने की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में इस वर्ष कुल 7 नवीन धान उपार्जन केन्द्र की स्थापना के साथ कुल 49 उपार्जन केन्द्र संचालित है।

कोरबा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सुमेधा के नवीन धान केन्द्र में अगारखार, लाटा, केन्दईखार, सेमीपाली, सुमेंधा, कुमगरी, सलिहाभांठा, नागीनभांठा के किसानो को सुविधा मिलेगी इसके अलावा ग्राम जमनीपाली, बलगीखार, डगनियाखार, छुराकछार, स्याहीमुड़ी, बरेडीमुड़ी, डुमरमुड़ा, गोपालपुर, भाठापारा, कुदूरमाल, चोरभट्ठी भी शामिल किये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। इसी प्रकार दादरखुर्द के धान खरीदी केन्द्र में दादरखुर्द, खरमौरा, ढेलवाडीह, बरबसपुर, झगरहा के अलावा रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नकटीखार गोढ़ी, पंडरीपानी, करूमौहा, बुंदेली, डुमरडीह और मुसलीडीह के किसानों को सुविधा प्राप्त होगी। खरीदी केन्द्र के लोकार्पण समारोह के दौरान सुमेधा के पूर्व सरपंच श्री भजन कंवर ने अपने गांव में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्र की स्थापना से खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि धान विक्रय करने के लिए 22 कि.मी. की दूरी तय कर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था। अब गांव में ही धान खरीदी केन्द्र खुलने से हम सब काफी खुश हैं। कृषक श्री त्रिभुवन सिंह कंवर एवं श्री इतवार सिंह कंवर ने ग्राम सुमेंधा में तथा श्री अमन पटेल व श्री अरूण यादव ने ग्राम दादरखुर्द में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्र खोलने के लिए राज्य सरकार एवं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे गांव के अलावा आसपास के गांव के कृषकों को अपनी उपज बेचने के लिए अब दूर तक सफर तय नही करना पड़ेगा।

सुमेधा और दादर खुर्द में धान उपार्जन केन्द्र के लोकार्पण समारोह के दौरान महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर सहित जनप्रतिनिधिगण सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारी, पर्यवेक्षकगण, संचालन समिति के पदाधिकारीगण तथा कृषकगण मौजूद रहे।

## संपादकीय

# गुजरात हाई कोर्ट का अनूठा आदेश

जब सरकार अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में असफल सिद्ध होती है तब न्यायालय को दखलंदाजी करनी ही पड़ती है। देश व दुनिया में एक बार फिर कोरोना वायरस ने हमला किया है। भारत के कई राज्यों दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात आदि में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। गुजरात में अब तक दो लोख से अधिक मामले सामने आ चुके है और लगभग 4 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। इसी वजह से अहमदाबाद सहित गुजरात के कई शहरों में रात का कर्फ्यू लगाने की नौबत आ चुकी है। इसके बवजूद लोग कोरोना वायरस से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतने के लिए तैयार नहीं है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाना निहायत जरूरी है लेकिन लोग मास्क को बेकार की चीज समझने लगे है और बगैर मास्क लगाए बाजार व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विचरण करते है। सरकार ने मास्क न लगाने वालों के खिलाफ 100-200 रूपए जुर्माने का प्रावधान किया है लेकिन इस अर्थदण्ड की भी लोग परवाह नही कर रहे है और बगैर मास्क पकड़े जाने पर 100-200 रूपए का जुर्माना भर कर निकल जाते है। गुजरात हाई कोर्ट ने मास्क न लगाने वालों के लिए एक अनूठा आदेश जारी किया है जो न सिर्फ प्रशंसनीय है बल्कि अन्य राज्यों के लिए अनूकरणीय भी है। गुजरात हाईकोर्ट ने मास्क न लगाने वाले लोगों पर सख्ती बरतने का आदेश दिया है और कहा है कि जो लोग लापरवाही बरत रहे है और बगैर मास्क लगाएं घूम रहे है उन्हे पकड़ा जाए और कुछ समय के लिए उनसे कोरोना मरीजों की देखभाल कराने के लिए कोविड केयर सेंटर में रखा जाएं। गुजरात हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि इस आदेश का अनिवार्य रूप से पालन होना चाहिए और राज्य सरकार इसके लिए जल्द से जल्द आदेश जारी करें। निश्चित रूप से गुजरात हाईकोर्ट का यह अनूठा आदेश स्वागत योग्य है। जिन राज्यों में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है वहां भी राज्य सरकारों को इसी तरह का आदेश पारित करना चाहिए। जो लोग बगैर मास्क के घूमते है उन्हे शायद इस बात का गुमान है कि उनकी इम्यूनिटी बहुत अच्छी है इसलिए कोरोना वायरस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता, यदि ऐसा ही है तो ऐसे लोगों को कोविड केयर सेंटर में कोरोना संक्रमित मरीजों की सेवा में लगाना चाहिए। जब तक ऐसे कड़े कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक लोग नहीं सुधरेंगे।

## विचार

# आस बंधाते आंकड़े, कम हुई जीडीपी की गिरावट

ध्यान रहे, वित्त वर्ष की इस दूसरी तिमाही का एक बड़ा हिस्सा लॉकडाउन के प्रभाव में गुजरा था। तकनीकी तौर पर वह लॉकडाउन के खुलने का, यानी अनलॉक का दौर था, लेकिन आर्थिक गतिविधियां धीरे-धीरे ही शुरू हो पाई। इस लिहाज से देखा जाए तो इसे काफी तेज रिकवरी कहा जाएगा। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के भी जीडीपी आंकड़े नेगेटिव में होने और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था के मंदी से गुजरने की औपचारिक पुष्टि हो जाने के बावजूद सरकार और अर्थशास्त्रियों की प्रतिक्रिया चिंता के बजाय राहत की है। इसका कारण यही है कि जुलाई से सितंबर की तिमाही में हालात जितने बुरे होने संभावित थे, उससे कम बुरे निकले। अप्रैल से जून वाली तिमाही में 23.9 फीसदी की ऐतिहासिक गिरावट देखने के बाद इस बार के लिए विशेषज्ञ जीडीपी में 7.9 से लेकर 8.8 फीसदी तक की गिरावट के अनुमान लगा रहे थे। खुद रिजर्व बैंक का मानना था कि गिरावट 8.6 फीसदी रहेगी। ऐसे में जब शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चला कि वास्तविक गिरावट महज 7.5 फीसदी दर्ज हुई है तो इस पर थोड़ी खुशी स्वाभाविक है।

ध्यान रहे, वित्त वर्ष की इस दूसरी तिमाही का एक बड़ा हिस्सा लॉकडाउन के प्रभाव में गुजरा था। तकनीकी तौर पर वह लॉकडाउन के खुलने का, यानी अनलॉक का दौर था, लेकिन आर्थिक गतिविधियां धीरे-धीरे ही शुरू हो पाई। इस लिहाज से देखा जाए तो इसे काफी तेज रिकवरी कहा जाएगा। हां, इसके आधार पर अगर कोई अगली तिमाहियों में विकास दर के चौकड़ी भरने की उम्मीद पाल ले तो उसकी व्यावहारिकता संदिग्ध होगी। ब्यौरे में जाएं तो इस तिमाही में अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा मजबूती कृषि, वानिकी और मत्स्य उत्पादन के क्षेत्रों से ही मिली है। प्राइमरी सेक्टर में रखे जाने वाले इन उद्यमों ने पहली तिमाही की ही तरह इस बार भी 3.4 फीसदी बढ़ोतरी की स्थिर दर बरकरार रखी।

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 0.6 फीसदी की बढ़ोतरी को उत्साहवर्धक कहा जाएगा, क्योंकि पहली तिमाही में इस क्षेत्र में 39.3 फीसदी की भीषण गिरावट आई थी। यह इस बात का संकेत है कि लॉकडाउन के लंबे गैप के बाद फैक्ट्रियों में थोड़ा-बहुत उत्पादन शुरू हुआ और उनसे जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी का इंतजाम हुआ। इनके अलावा लगभग सारे ही क्षेत्रों में पहली तिमाही के मुकाबले कम, लेकिन गिरावट ही दर्ज हुई। ऐसे में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बिल्कुल सही कहा कि इस मोड़ पर सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि जो मांग पैदा हुई दिख रही है, वह टिकी रहेगी या नहीं। इस बिंदु पर दो-तीन ऐसे कारक मिलते हैं जो भविष्य को लेकर ज्यादा खुश होने की गुंजाइश नहीं छोड़ते। एक तो यह कि पिछली तिमाही देश के त्योहारी सीजन से ठीक पहले की थी। उस दौरान विभिन्न उपभोक्ता सामानों का जो उत्पादन हुआ, उसके पीछे यह उम्मीद थी कि त्योहारों के दौरान वे बाजार में खप जाएंगे। यह कितना हो पाया, इसका हिसाब बाद में होगा लेकिन एक बात तय है कि तीसरी-चौथी तिमाहियों में फेस्टिव सीजन जितने बड़े पैमाने के उत्पादन का जोखिम कोई उद्यमी नहीं उठाता।

# ममता बनर्जी की फिसलती सत्ता?

विष्णुगुप्त

> अवैध घुसपैठ से अराजकता बढती है, हिंसा बढती है, भूमि की कसौटी पर टकराव बढता है, बेरोजगारी बढती है, कानून - व्यवस्था की समस्या खडी होती है। इस सिद्धांत की अवहेलना वामपंथियों ने की थी और अब इस सिद्धांत की अवहेलना ममता बनर्जी ने भी की है। इसलिए आज पूरा पश्चिम बंगाल अवैध घुसपैठियों के कब्जे में कैद हो गया है। संरक्षण के कारण अवैध घुसपैठिये टीएमसी के कार्यकर्ता बन गये है। टीमएसी में शामिल होकर अवैध घुसपैठिये राजनीतिज्ञ भी बन गये है। जब हिंसा चरम पर होगी, राजनीति पूरी तरह से हिंसक होगी, अवैध घुसपैठियों की पौबारह होगी तब औद्योगिक धंधों के विकास और रोजगार के सृजन की उम्मीद दफन हो जाती है। आज कौन सा बड़ा उद्योग पश्चिम बंगाल में है? निवेश की कसौटी पर पश्चिम बंगाल की स्थिति बहुत ही दयनीय है। जब औद्योगिक धंधे नहीं होगे तब रोजगार के साधन भी विकसित नहीं होंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो फिर न केवल बैरोजगारी बढती है बल्कि अराजकता और भूखमरी भी पसरती है।

क्रांति काल और शांति काल की राजनीति में अंतर होता है। क्रांति काल की राजनीति की सीमाएं अराजक भी होती हैं, उफान वाली भी होती हैं, हिंयक भी होती हैं, सारी मान्यताओं और परमपराओं को तोड़ने वाली होती है जबकि शांति काल की राजनीति न तो अराजक होती है और न ही मान्यताओं और परमपराओं को लांघने या फिर विध्वंस करने की उम्मीद बनती है, शांति काल की राजनीति को कानून और संविधान के दायरे में कसने की जरूरत होती है, जनकांक्षाओं की कसौटी पर उतरने की अपेक्षाएं होती हैं। भारतीय राजनीति में ये सीमाएं बार-बार देखी जाती है। ममता बनर्जी की राजनीति की भी दो सीमाएं रही हैं, एक क्रांति काल की सीमाएं और दूसरी शांतिकाल की सीमाएं। शांति काल का अर्थ जब वह सत्ता में विराजमान हुई तब की राजनीति की उनकी क्रियाएं।

ममता बनर्जी की राजनीति का प्रथम भाग यानी क्रांति काल बेहद ही उफान वाली, बवंडर वाली, जनाक्रोश वाली, सभी मान्यताओं और परमपराओं को तोड़ने वाली रही है, अपनी राजनीतिक बवंडर से ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की उस राजनीतिक सत्ता को न केवल वुनौती दी थी बल्कि उस राजनीतिक सत्ता को उखाड़ भी फेंकी थी जो राजनीतिक सत्ता 30 सालों तक अपराजेय थी और जिस सत्ता को इन्दिरा गांधी-राजीव गांधी भी विध्वंस करने की उपलब्धि दिखाने में असफल साबित हो गये थे। वामपंथी सरकार बेहद ही तानाशाही और गुंडई की प्रतीक थी, जिनकी सत्ता में राजनीतिक परिवर्तनवादियों को बलपूर्वक और साजिशन निपटा दिया जाता था, बडे आंदोलन खड़ा करने का सपना पूरा नहीं होता था। पर वामपंथियों का एकाएक पूंजी प्रेम आत्मघाती हुआ, टाटा और विदेशी कपंनियों को आमंत्रित करना उनके अस्तित्व के लिए काल बन गया। सिंदुर और नंदीग्राम आंदोलन की कोख से ममता बनर्जी की सत्ता का जन्म हुआ जो पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक घटना बन गयी। कहने का अर्थ यह है कि कांतिकाल की राजनीति में ममता बनर्जी सौ प्रतिशत सफल राजनीतिज्ञ साबित हुई थी।

पर क्या शांति काल की राजनीति यानी सत्ता की राजनीति मे भी ममता बनर्जी सफल हुई हैं? क्या ममता बनर्जी क्रांति काल की

तरह ही शांति काल में भी अपनी सरकार को जनांकाक्षी बनाने में सफल हुई हैं? क्या ममता बनर्जी अपनी सरकार में दूरदर्शिता कायम करने में सफल हुई? क्या ममता बनर्जी अपनी सरकार में पश्चिम बंगाल में विकास की योजनाओं का लागू करने में दक्ष साबित हुई है? क्या ममता बनर्जी अपनी सरकार में पश्चिम बंगाल में हत्याओं की राजनीति पर रोक लगाने में सफल हुई है? क्या ममता बनर्जी अपनी सरकार में केन्द्र की सरकार के साथ दुश्मनी पालने की दोषी हैं? क्या ममता बनर्जी अपनी सरकार में पश्चिम बंगाल में औद्योगिक क्रांति को सफल बनाने में कामयाब हुई हैं? क्या ममता बनर्जी अपनी सरकार में पश्चिम बंगाल में आम जनता के पलायन को रोकने और देशज रोजगार को सजृत करने में कामयाबी हासिल की है? क्या ममता बनर्जी बाग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को रोकने और आबादी आक्रमण के खिलाफ वीरता दिखाने के लिए राजधर्म का पालन किया? ये सभी प्रश्न अति महत्वपूर्ण हैं और इन्ही प्रश्नों की पडताल कर ममता बनर्जी की सत्ता का मूल्यांकन किया जा सकता है।

बडी शख्सियत, बडे योजनाकार, बडे राजनीतिज्ञ कभी भी लिक के फकीर नहीं होते हैं, इतिहास वही गढते हैं, प्रेरणा वही बनते हैं, आईकॉल वही बने हैं जो कभी भी लिक के फकीर नहीं बनते हैं, जो किसी की फोटो कॉपी बनने से इनकार कर देते हैं और नया लकीर खींच देते हैं, नया करने की उपलब्धि सुनिश्चित करते हैं। इस कसौटी पर ममता बनर्जी का जब मूल्यांकन होता है तब बहुत ही निराशा होती है, हताशा होती है कि एक क्रांति काल का सफल और प्रेरणा दायी राजनीतिज्ञ कैसे और क्यों लिक का फकीर बन गया, असफल साबित हो गया, पिछली वामपंथी सत्ता की फोटो स्टेट कॉपी बन गयी। निश्चित तौर पर ममता बनर्जी अपनी प्रतिद्वंद्वी वामपंथी पार्टियों की शासन व्यवस्था, वामपंथी पार्टियों की राजनीतिक शैली, वामपंथी पार्टियों की तानाशाही प्रेम के समुद्र में डूब गयी। वामपंथी सरकार की शैली और एजेंडा गुंडागर्दी की थी, हत्या की राजनीति की थी, औद्योगिक विध्वंस की थी, आधुनिक रोजगार की व्यवस्था के विरोधी की थी, राज्य में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर अपना वोट बैंक तैयार रखने और अपनी सत्ता को जीवंत रखने की थी। यही कारण था कि पश्चिम बंगाल में वामपंथी सरकार के खिलाफ कोई एक नहीं बल्कि तीस सालों तक कोई विकल्प तैयार नहीं हुआ था। आम जनता भी विकल्प के अभाव में वामपंथी सरकार को बार बार जीवन दान देती रही थी।

वामपंथियों के हथकंडे ममता बनर्जी क्यों अपनायी? वामपंथी तो जन्मजात हिंसक, हत्यारा, अमानवीय, तानाशाही और लोकतंत्र खोर होते हैं, ये सब उनकी पार्टी का अपरिवर्तनशील सिद्धांत है जिसका स्पष्ट उदाहरण चीन से लेकर सोवियत संघ के अलावा भी जहां-जहां कम्युनिस्टों की सरकार रही है वहां वहां देखने को मिलता है। जब ममता बनर्जी आंदोलन रत थी तब पश्चिम बंगाल में उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं की बडी संख्या में हत्या होती थी, ममता बनर्जी खुद कई बार कम्युनिस्टों के हमले में घायल हो चुकी थी, घायल अवस्था में चैयर पर बैठ कर ममता बनर्जी राज्यपाल और संसद तक प्रदर्शन की थी। उस समय कम्युनिस्टों की इस हिंसा से देश भर में चिंता व्याप्त हुई थी। अब यही हथकंडा ममता बनर्जी ने अपना लिया है। ममता बनर्जी के शासनकाल में पश्चिम बंगाल में हजारों ऐसी हत्याएं हुई हैं जो राजनीतिक प्रतिशोध का दुष्परिणाम रही है। त्रीनमूल कांग्रेस पर यह आरोप लगाया जा रहा है उनकी गुंडागर्दी की राजनीति तो कम्युनिस्टो की सत्ता के समय की गुंडागर्दी की राजनीति को मात दे दिया है। यह सिर्फ आरोप नहीं है बल्कि इसमें सच्चाई है। पश्चिम बंगाल में हिंसा की राजनीति सच है। हिंसा की राजनीति का अस्तित्व शहर से लेकर गांव-गांव तक उपस्थित है। वामपंथी पार्टियां भी कहती हैं कि ममता बनर्जी के राज में उनके सैकड़ों कार्यकर्ताओं को मौत का घाट उतार दिया गया। पुलिस और प्रशासन राजनीतिक हत्याओं के खिलाफ कोई कारवाई करती नहीं है खासकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निशाने पर ज्यादा है।

# किसानों को यदि भ्रम है तो उसे सरकार दूर क्यों नहीं करती?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

> सरकार ने जो नए कानून बनाए हैं, उनके अनुसार अब किसान अपना माल मंडियों के अलावा बाहरी बाजारों में भी बेच सकेंगे। किसानों को सरकार की इस घोषणा पर भरोसा नहीं है कि उन्हें अपने माल के ज्यादा पैसे मिलेंगे या कंपनियों से सौदा हो जाने पर उन्हें बीज, खाद, सिंचाई, बिक्री आदि की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें डर है कि मंडी-व्यवस्था धीरे-धीरे अपने आप खत्म हो जाएगी। यह डर दो कारणों से मजबूत हुआ है। पहला तो केंद्रीय वित्त मंत्री का नवंबर 2019 का वह बयान है, जिसमें उन्होंने मंडी-व्यवस्था को 'गई-बीती' बताया था और यह भी कह दिया था कि अब उसके विदा होने के दिन आ गए हैं।

किसान नेताओं और केंद्र सरकार के नेताओं की बीच आज बात शुरु हो गई है। यह अच्छी बात है लेकिन यह बात कब शुरु हुई ? जब पंजाब और हरयाणा के हजारों किसानों ने सीधे दिल्ली पर धावा बोल दिया? मैं पूछता हूं कि संसद में कानून बनाने के पहले किसान नेताओं से विचार-विमर्श क्यों नहीं किया गया ? विपक्षी नेताओं का अभिमत क्यों नहीं जाना गया? इस कानून को इतनी झटपट क्यों थोप दिया गया? इसे संसदीय समिति को पहले क्यों नहीं सौंपा गया ? भाजपा के सहयोगी अकाली दल की मंत्री हरसिमरत कौर के इस्तीफे के बावजूद सरकार ने अपने कानून पर पुनर्विचार करने की बात नहीं सोची। संसद के अल्पकालीन सत्र में इन कृषि-विधेयकों पर सांगोपांग बहस भी ठीक से नहीं हो सकी।

अब जबकि दिल्ली पर किसानों की भीड़ जमा होने लगी तो सरकार के होश फाख्ता हो गए। वे दिल्ली में न घुस आएं, इसलिए उन पर क्या-क्या जुल्म नहीं किए गए। पंजाब और हरयाणा के किसान इस बार अपना राशन-पानी लेकर दिल्ली पहुंचे हैं। वे चौधरी चरणसिंह और महेंद्रसिंह टिकैत के किसानों की तरह दो-चार दिन के लिए नहीं आए हैं। क्या ही अच्छा होता कि प्रधानमंत्री खुद उनसे मिलने की पहल करते लेकिन अब भी सरकार सत्ता के अहंकार से मुक्त होकर किसानों से बात करेगी तो इस समस्या का सर्वहितकारी समाधान हो सकता है। यदि शासन-विरोधी कोई भी आंदोलन खड़ा होता है तो विपक्षी दल चुप क्यों बैठेंगे ? वे बोल रहे हैं लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि यह आंदोलन खालिस्तानियों और कांग्रेसियों ने खड़ा किया है। कुछ किसानों ने भाजपा और नरेंद्र मोदी के बारे में जो जहरीले बयान दिए हैं, वे निंदनीय हैं लेकिन यह आंदोलन अपने ही पांवों पर चलकर दिल्ली पहुंचा है। भाजपा की केंद्र सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि जो पंजाब कल तक आतंकवाद का गढ़ था, वहां बगावत के बीज फिर से न फूटने लगें। इस किसान आंदोलन में पंजाब और हरयाणा के अलावा अन्य प्रांतों के किसान भी जुड़ने लगे हैं। खेती के संबंध में जो तीन कानून बने हैं, कुछ किसान नेता उन सभी को रद्द करने की मांग कर रहे हैं लेकिन आंदोलनकारी किसानों का ध्यान मुख्य रुप से एक ही मुद्दे पर टिका हुआ है। उन्हें शक है कि उनकी उपज पर उन्हें जो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) मिलता है और मंडियों में उनका माल जिस आसानी से बिक जाता है, उनकी यह सुविधा अब चुप-चाप खत्म हो जाएगी और वे बड़े-बड़े पूंजीपतियों की कंपनियों के हाथ के खिलौने बन जाएंगे। उनका अनाज और फसलें फिर मिट्टी के मोल बिकेंगी। दूसरा कारण है, यह प्रचार कि मोदी सरकार कुछ पूंजीपतियों को विशेष लाभ पहुंचाने के लिए कमर कसे हुए है।

सरकार का कहना है कि यह दुष्प्रचार भर है। यह गलतफहमी है। इसे विपक्ष फैला रहा है। मान लिया जाए कि यह ठीक है तो सरकार इस गलतफहमी को पिछले दो-ढाई माह में दूर क्यों नहीं कर सकी ? भाजपा में प्रचार-पंडितों की कमी नहीं है। उन्हें किसानों को सिर्फ एक बात ही समझानी है। वह यह कि समर्थन मूल्य खत्म नहीं होगा। तो वे न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा को कानूनी रुप क्यों नहीं दे देते ? यह ठीक है, अभी भी उसके पीछे कानून नहीं है लेकिन अब गलतफहमी इतनी फैल गई है कि उसे कानूनी रुप दे देने में सरकार को क्या संकोच है ? कुछ अन्य छोटे-मोटे मुद्दे भी हैं, जिन पर सहमति होना कठिन नहीं है। सरकार समय-समय पर फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती रहती है। अभी तक सिर्फ 23 फसलों पर यह होता है जबकि भारत में कम से कम 200 तरह की फसलें होती हैं। पंजाब और हरयाणा में गेहूं और धान की फसलें सबसे ज्यादा मंडियों में बिकती हैं। सरकार इनकी सबसे बड़ी खरीद करती है। देश की कुल उपज का सिर्फ 6 प्रतिशत माल ही मंडियों में बिकता है। बाकी 96 प्रतिशत फसलों के लिए भी सरकार को कोई कमोबेश 'दाम बांधो' नीति बनानी चाहिए या नहीं ? इन फसलों को बेचनेवाले किसान ही गरीबी, बेकारी और लूट के शिकार होते हैं। उन्हें अपनी लागत से सवाई या डेढ़ी कीमत मिले, इसका प्रबंध भी सरकार क्यों नहीं करती ? केरल की कम्युनिस्ट सरकार ने 16 सब्जियों के न्यूनतम मूल्य घोषित किए हैं। इनसे किसानों को अपनी लागत से 20 प्रतिशत मूल्य ज्यादा मिलेगा और उन्हें नुकसान होने पर 32 करोड़ रु. तक की सहायता सरकार देगी। भारतीय खेती को अमेरिका की तरह खुला बाजार दे देना तो ठीक है लेकिन सरकार उन्हें क्या अमेरिकी किसानों की तरह प्रतिवर्ष 62 हजार डालर की सहायता दे सकती है ? वहां खेती में 2 प्रतिशत से भी कम लोग हैं जबकि भारत में लगभग 50 प्रतिशत लोग खेती से जुड़े हुए हैं। यदि खेती खुलती है तो उत्पादन बढ़ेगा, उसकी गुणवत्ता बढ़ेगी और भारत बड़ा निर्यातक देश भी बन सकता है लेकिन खेती के मूलाधार किसान का विश्वास जीते बिना इस लक्ष्य की प्राप्ति असंभव है।

## पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### हमें ज़ीस्त में जोड़

हमें ज़ीस्त में जोड़ लो या घटा दो मगर हो सकें तो, जरा हौसला दो पराया अगर मानते जो नहीं तुम हमें आज अपनी मुहब्बत जता दो खड़े एक मुद्दत से दीदार को हम हया छोड़ अपनी ये पलकें उठा दो बहुत बेबसी है, मेरी ज़िंदगी में उन्हें कोई कह दे नहीं अब कज़ा दो ख़ता गर हुई मांग लेंगे मुआफी मगर इस क़दर तो नहीं तुम सज़ा दो निग़ाहें बुरी डालते जो वतन पर तुम्हें है क़सम आज उनको मिटा दो न पूछो मुहब्बत हमें तुमसे कितनी जहां छोड़ देंगे अगर तुम रज़ा दो। - **सुरेश अग्रवाल**

### पाके फर ह पेंड़ ले

पाके फर ह पेंड़ ले टुप ले जाने कब गिर जाही भले कतकों गुरतुर होथे फेर तुरते वो सर जाही बस अइसनेच जिनगी होथे मनखे के घलो संगी गुरतुर होथे संझा बेरा, फेर तुरते उहू बुड़ जाही।

- **सुशील भोले**

### ख़ास पाती | आया भारत में कोरोना

आया भारत में कोरोना। हो गया मनुष्यों का रोना।। साबुन से हाथों को धोना। साफसफाई करके सोना।। मुख में दिनभर मास्क लगावे। तभी घरों से बाहर जावे।। नही किसी से डरना यारों। साथ साथ तुम रहना प्यारों।। नही किसी से हाथ मिलाओ। दो गज की दूरी अपनाओ।। साफसफाई करते रहना। सर्दी खाँसी तुम ना सहना।। काम काज सब बंद करावे। कोरोना को सभी हरावे।। धरती पर कोरोना आया। पूरी दुनिया में है छाया।। चीन देश लाई बीमारी। पहले उसकी आई बारी।। कोरोना को मार भगाओ। मिलकर के तुम इसे हराओ।।

- **प्रिया देवांगन**

### कवि मन बैठा नित करे,भावों की मनुहार। शब्द खड़े हों थाल ले

कवि मन बैठा नित करे,भावों की मनुहार। शब्द खड़े हों थाल ले ,स्वागत को तैयार। स्वागत को तैयार ,करें जब पूर्ण समर्पण। आते हैं शुचि भाव,हमेशा तब ही कवि मन।।

- **डॉ बिपिन पाण्डेय**

### योगीजी अच्छे अच्छे नायक नायिका डिरेक्टर, गायक, गीतकार



योगीजी अच्छे अच्छे नायक नायिका डिरेक्टर , गायक , गीतकार आदि को यूपी फिल्मसिटी ले जाइये और नशेड़ी भंगेड़ियों को बॉलीवुड में ही रहने दीजिए , और हाँ योगीजी अक्की को भी अपने से दूर ही रखिए क्योंकि इससे हार्पिक की बू आती है । - **राजीव वर्मा**

### गांव में रातें बड़ी होती हैं और होता

गांव में रातें बड़ी होती हैं और होता है बड़ा सुकून भी किंतु जैसे-जैसे हम बड़े होने लगते हैं भागने लगते हैं नगरों और फिर महानगरों की तरफ फलस्वरूप बौना होने लगता है हमारा कद और छोटी होने लगती हैं हमारी रातें क्रमशः साथ ही छोटा होने लगता है हमारा सुकून भी।

- **ममता अमर**

### साल का आख़री महीना ...सभी हंसेंगे

साल का आख़री महीना सभी हँसेंगे नए के आगमन पर लेकिन हमने कभी नहीं चाहा था अपने प्रिय पुराने को नए से बदलना फ़िर भी दिसम्बर समेटकर ले ही गया मेरा अभीष्ठ इसलिए जिसके बिना अब हम बस चूकि में ज़िंदा हैं । माँ तुम जहाँ हो खुशहाल रहना।

-**कल्पना मनोरमा**

### स्त्री तुम खूबसूरत हो, पर समाज के

स्त्री तुम खूबसूरत हो, पर समाज के अनुसार कोमल हो और धरा के हिसाब से बहुत सहनशील हो... स्त्री तुम अपने गर्भ में संतान को वो सुरक्षा प्रदान करती हो जैसे नभ तारों को बादलों की ओट में सुरक्षित रखता है। यानी स्त्री और पुरुष दोनों ही एक दूसरे के बिना अधूरे हैं...! यकीनन। **अनुभूति 'अनु'**

### नीला रंग मुझे भाता है?

नीला रंग मुझे भाता है?? ऊर्जा लाता है, आत्मविश्वास की?? चमक से चमकाता है। सुनो साँवरे !तुम भी तो नीले और हाँ, आकाश का रंग भी तो नीला और मुझे आकाश का??? विस्तार भाता है। फिर अंत का उजास और स्मृति का रंग भी नीला होता है। साँवरा नीला आकाश का विस्तार मन को भावत है।??

- **रेनू शब्दमुखर**

## QUIZ TIME

1) 'छत्तीसगढ़ के लोकगीत' नामक रचना निम्न में से किसकी है? (श्यामचरण दुबे / दानेश्वर वर्मा)
2) छत्तीसगढ़ में 'अमझोरा' क्या है?
3) छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक घनी आबादी वाला जिला कौन-सा है?
4) मध्यप्रदेश के प्रथम आई.सी.एस. अधिकारी श्री एल.आर.एस.सिंह छत्तीसगढ़ के किस रियासत के राजा थे?
5) महारानी विक्टोरिया द्वारा 'केसर-ए-हिन्द' उपाधि लेने की स्मृति में रायपुर में जयस्तम्भ चैक के पास 'केसर-ए-हिन्द दरवाजा' किस सन् में बनाया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) दानेश्वर वर्मा (2) विवाह पूर्व गीत (3) जांजगीर-चांपा (4) कवर्धा (5) 1877

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1796 - बाजीराव द्वितीय को मराठा साम्राज्य का पेशवा बनाया गया। वह मराठा साम्राज्य के अंतिम पेशवा थे। 1828 - एंड्रयू जैक्सन अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति चुने गए। 1829 - वायसराय लॉर्ड विलियम बेंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी। 1882 - प्रसिद्ध चित्रकार एवं संविधान की मूल कृति के डिजाइनर नंदलाल बोस का जन्म। 1884 - भारत के पहले राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद का जन्म। 1889 - क्रांतिकारी खुदीराम बोस का जन्म। 1910 - फ्रांसीसी भौतिकशास्त्री जॉर्जेज क्लाउड द्वारा विकसित विश्व के पहले नियोन लैम्प का पहली बार पेरिस के मोटर शो में प्रदर्शन। 1912 - तुर्की, बुल्गारिया, सर्बिया, यूनान और मोंटेग्रो ने युद्धविराम समझौता किया। 1937 - भारतीय भाषाविद विनोद बिहारी वर्मा का जन्म। 1948 - पूर्वी चीन सागर में चीनी शरणार्थी को ले जा रहे जहाज कियांग्या में विस्फोट होने से 1,100 लोगों की मौत। 1967 - भारत के पहले रॉकेट (रोहिणी आर एच 75) का थुम्बा से प्रक्षेपण किया गया। 1971 - भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद देश में आपातकाल लागू हुआ। 1979 - हॉकी के जादूगर ध्यान चंद का निधन। 1984 - भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से विषैली गैस लीक होने से कम से कम 3000 लोग मारे गए और कई हजार व्यक्ति शारीरिक विकृति के शिकार हो गए। 1989 - तत्कालीन सोवियत रूस के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्वाच्योव और अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने शीत युद्ध खत्म होने की घोषणा की।

# KGF डायरेक्टर प्रशांत नील के साथ बड़े पर्दे पर धमाका करने आ रहे 'बाहुबली' प्रभास

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार प्रभास जल्द ही एक बार फिर से बड़े पर्दे पर धमाका करने आ रहे हैं। बाहुबली स्टार जल्द ही केजीएफ फिल्म के डायरेक्टर प्रशांत नील की फिल्म 'सालार' में नजर आएंगे। इस बात की जानकारी ट्रेंड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट के जरिए दी है। तरण आदर्श ने एक ट्वीट में लिखा- 'बिग न्यूज, प्रभास ने केजीएफ डायरेक्टर के साथ हाथ मिलाया है। प्रभास डायरेक्टर प्रशांत नील के साथ एक्शन फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म का नाम सालार है। फिल्म के प्रोड्यूसर केजीएफ निर्माता विजय किरगंदुर हैं।' उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा- 'फिल्म की शूटिंग साल 2021 में शुरू होगी। हम्बेल फिल्म्स के बनैर तले बनने वाली सालार 'केजीएफ 2', 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद तीसरी बड़ी फिल्म होगी।' ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट के साथ फिल्म सालार में प्रभास का फर्स्ट लुक भी जारी किया है। पोस्टर में प्रभास काफी रफ एंड टफ लुक में नजर आ रहे हैं। फिल्म में प्रभास का फर्स्ट लुक देखने के बाद फैन्स बेहद उत्साहित हैं।

# वरुण धवन कल अपनी 'स्पेशल लेडी' से फैन्स को करवाएंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपनी नई फिल्म कुली नंबर 1 को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वरुण के साथ सारा अली खान लीड रोल में नजर आएंगी। अब वरुण ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि वह फैन्स को किसी स्पेशल लेडी से मिलवाने वाले हैं। वीडियो में वरुण धवन कहते हैं, ''जिंदगी में छुपना- छुपाना बहुत ज्यादा हो गया है और अब मैं इसे और नहीं छुपा सकता हूं। अफवाहें इतने हो गए हैं आप हर बार सफाई नहीं दे सकते हैं। ऐसे में मैंने डिसाडड किया है कि कल मैं आप सबको आपकी भाभी से मिलाने वाला हूं।'' ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वरुण अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड नताशा से शादी करने की बात कर रहे है? या फिर यह सरप्राइज कुछ और है? खैर यह जानने के लिए हमें कल का इंतजार करना होगा। बता दें कि वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म कुली नंबर 1, 25 दिसंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म में वरुण और सारा के अलावा परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर जैसे सितारे नजर आएंगे।

# 'कुली नंबर 1' का हिस्सा बनना चाहते थे शक्ति कपूर, इस वजह से नहीं बन पाई बात



